श्रेणी-। प्रशिक्षणार्थियों हेतु चयन प्रक्रिया

1. अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम अर्हता लिखित परीक्षा में शामिल होना होगा । चयनित अभ्यर्थियों का ही साक्षात्कार लिया जाएगा जो या तो उसी दिन या अगले दिन होगा ।

2. अभ्यर्थियों का अंतिम चयन एवं वरीयता का निर्णय उनके साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर ही होगा । लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को कोई महत्व नहीं दिया जाएगा । इस संबंध में चयन समिति का निर्णय ही अंतिम होगा ।

3. लिखित परीक्षा की अवधि 90 मिनट होगी ।

4. लिखित परीक्षा में चार जवाबों के साथ 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) का समावेश होगा । प्रत्येक सही जवाब के लिए '3' अंक प्रदान किए जाएंगे । नकारात्मक अंकन लागू होगा व प्रत्येक गलत जवाब के लिए '1' अंक की कटौती की जाएगी ।

5. लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम डिप्लोमा / बी.एस.सी. (जो भी लागू हो) के विषयों पर आधारित होगा ।

श्रेणी-।। प्रशिक्षणार्थियों हेतु चयन प्रक्रिया

अभ्यर्थियों को त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा । सर्वप्रथम प्रारंभिक लिखित परीक्षा, तत्पश्चात् उन्नत लिखित परीक्षा एवं अर्हता ट्रेड/कौशल परीक्षण में शामिल होना होगा ।

चरण 1 - प्रारंभिक परीक्षा :

1. लिखित परीक्षा का आयोजन अभ्यर्थियों का प्रांरभिक चयन करने हेतु किया जाएगा । प्रारंभिक परीक्षा का प्रारूप सभी विधाओं के लिए समान रहेगा ।

2. लिखित परीक्षा की अवधि एक घंटे की होगी ।

3. लिखित परीक्षा में चार जवाबों के साथ 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) का समावेश होगा । प्रत्येक सही जवाब के लिए '3' अंक प्रदान किए जाएंगे । नकारात्मक अंकन लागू होगा व प्रत्येक गलत जवाब के लिए '1' अंक की कटौती की जाएगी ।

4. प्रश्न विभिन्न विषयों से संबंधित अनुमानित अनुपात में निम्नानुसार होंगे :
   - गणित (40%)
   - विज्ञान (40%)
   - सामान्य जागरूकता (20%)

चरण 2 - उन्नत लिखित परीक्षा :

1. चरण-1 में चयनित सभी अभ्यर्थियों को उनके संबंधित ट्रेड में उन्नत लिखित परीक्षा देनी होगी ।

2. लिखित परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी ।

3. लिखित परीक्षा में चार जवाबों के साथ 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) का समावेश होगा । प्रत्येक सही जवाब के लिए '3' अंक प्रदान किए जाएंगे । नकारात्मक अंकन लागू होगा व प्रत्येक गलत जवाब के लिए '1' अंक की कटौती की जाएगी ।

4. उन्नत लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम शैक्षणिक योग्यतानुसार SSC/HSC/ITI स्तर के विषयों पर आधारित होगा ।

5. अभ्यर्थियों की चयन एवं वरीयता सूची केवल चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी ।

6. अगर अंक समान होते हैं, तो वरीयता सूची में क्रम हेतु निम्नलिखित मापदण्डों को क्रमशः अपनाया जाएगा :

- जो अभ्यर्थी चरण-2 में कम नकारात्मक अंक प्राप्त करता है, उसे योग्यता सूची में ऊपर रखा जाएगा ।
- जो अभ्यर्थी चरण-1 में उच्च अंक प्राप्त करता है, उसे वरीयता सूची में ऊपर रखा जाएगा ।
- चरण-1 में कम नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता सूची में ऊपर रखा जाएगा ।
- चरण-1 में अभ्यर्थी गणित में उच्च धनात्मक अंक प्राप्त करता है, तो उसे वरीयता सूची में ऊपर रखा जाएगा ।
- चरण-1 में विज्ञान में उच्च धनात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता सूची में ऊपर रखा जाएगा ।

चरण 3 - अर्हकारी ट्रेड/कौशल परीक्षण :

1. चरण-2 के बाद तैयार की गई वरीयता क्रम सूची के आधार पर प्रत्येक ट्रेड के लिए अभ्यर्थियों को ट्रेड/कौशल परीक्षण के लिए चयनित किया जाएगा ।

2. ट्रेड/कौशल परीक्षण में Go/No-Go के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा ।

3. जो भी अभ्यर्थी ट्रेड/कौशल परीक्षण में अर्हता प्राप्त करेंगे, उन्हें चयनित (शार्टलिस्ट) किया जाएगा एवं अंतिम वरीयता सूची उनके द्वारा चरण-2 : उन्नत लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही तैयार की जाएगी ।

चरण 1-प्रारंभिक परीक्षा व चरण 2-उन्नत परीक्षा का आयोजन उसी दिन क्रमशः पूर्वाह्न व अपराह्न सत्र में किया जाएगा । चरण 3-ट्रेड/कौशल परीक्षण का आयोजन अगले दिन होगा ।